KV Staff up in arms against Joint Commissionef-A news item

582. SHRI GURUDAS DAS GUPTA: WiH ihe Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state;

(a) whether Government's atlention en drawn to a news-item caption ed "KV Staff up in arms against Joint Commissioner" that appeared jn the SUNDAY OBSERVER dated September 11-17, 1994 in its New Delhi edition; and

(b) if sO, what is Government's reac tion thereto?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF F.DUCATION AND DEPTT. OF CULTURE) KUMARI SELJA): (a) Yes, Sir.

(b) Kendriya Vidyalaya Sangathan has nformed that the allegations made in he news item are baseless and do not 'arrant any further action.

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संस्थान में लम्बित उत्खनन कार्य

583. **श्री अनन्तराम जायसवाल :**
श्री दिग्विजय सिंह :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह ताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय रातत्व सर्वेक्षण संस्थान में उत्खनन और नुसंधान कार्य काफी लम्बे समय से म्बित पड़ा हुआ है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि हले किए गए उत्खनन कार्य की रिपोर्ट ैर किए गए व्यय के ब्यौरों को प्रस्तुत हीं किया गया है;

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और उक्त उत्खनन रिपोर्ट एवं किए गए व्यय के ब्यौरे (स्थान-वार तथा वर्ष-वार) क्या है ; और

(घ) उत्खनन रिपोर्ट तथा किए गए व्यय के ब्यौरे कब तक प्रस्तुत किए जाएंगे एवं लम्बित उत्खनन और अनुसंधान कार्य कब शुरू किया जाएगा ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग तथा संस्कृति विभाग) में उप-मंत्री (कुमारी शैलजा) :

(क) पुरातत्व संस्थान, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (भारतीय पुरातत्व संस्थान नहीं) में उत्खनन और अनुसंधान कार्य काफी लम्बे समय से लम्बित नहीं पड़ा हुआ है।

(ख) जी, हां । पुरातत्व संस्थान द्वारा थानेश्वर में किए गए पहले उत्खनन कार्यों की रिपोर्ट अभी तक प्रस्तुत नहीं की गई हैं । इन पर हुए व्यय के विवरण समय-समय पर प्रस्तुत किए गये है । पुरातत्व संस्थान द्वारा धोलावीरा में किए गए उत्खनन - कार्य पूरे नहीं हुए हैं; यद्यपि 1993–94 के कार्य-काल के लिए अनुमति दी गई थी।

(ग) थानेश्वर और धोलावीरा में जिन निदेशकों ने उत्खनन-कार्य किए हैं, उन्हें रिपोर्ट भेजने के लिए बार-बार याद दिलाया गया है। व्यय का विवरण इस प्रकार है :

	वर्ष	व्यय
थानेश्वर	1987–88	8,24,861/-रु०
	1988–89	12,87,333/-रु०
	1989–90	11,46,449/-रु०
	1990–91	10,24,945/-रु०
धोलावीरा	1991–92	19,90,000/-रु०
	1992–93	21,90,000/-रु०